**मानव तस्करी** | पटना-पुणे एक्सप्रेस के स्लीपर कोच से उतारे गए थे 165 बच्चे, बिहार से ले जा रहे थे महाराष्ट्र

# बाल गृह भेजे गए बच्चे, मानव तस्करी का मामला दर्ज

**नवभारत, कटनी।** मानव तस्करी के संदेह में कटनी रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात पटना-पुणे एक्सप्रेस से रेस्क्यू कर उतारे गए 165 मुस्लिम बच्चों बाल गृह भेज दिया गया है। इस मामले में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मानव तस्करी की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है। पूरे मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि सद्दाम हुसैन और अमानुल्लाह सहित 8 लोगों के खिलाफ बच्चों की तस्करी के तहत मामला दर्ज किया गया है। रेस्क्यू किए गए 165 में से 84 बच्चों को रात में ही दो बसों से जबलपुर के बाल गृह भेज दिया गया, जबकि 81 बच्चों को कटनी बाल गृह में रखा गया है। जिला प्रशासन सभी बच्चों के खाने-पीने और स्वास्थ्य की व्यवस्था कर रहा है। सभी का मेडिकल कराया गया





है। जीआरपी को सूचना मिली थी कि ट्रेन नंबर 12150 पटना-पुणे एक्सप्रेस के स्लीपर कोच एस 1, एस 2, एस 3, एस 4 और एस 7 में काफी संख्या में नाबालिग बच्चों को ले जाया जा रहा है। जैसे ही ट्रेन रात में कटनी स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर पहुंची, पुलिस, महिला बाल विकास विभाग और बाल संरक्षण अधिकारियों की टीम ने बोगियों को घेर लिया और सभी 165 बच्चों को सुरक्षित नीचे उतारा। पूछताछ के दौरान बच्चों के साथ मौजूद सद्दाम नामक व्यक्ति ने दावा किया कि वह महाराष्ट के लातूर के एक मदरसे में शिक्षक है और इन बच्चों को बिहार के अररिया से वहां पढ़ने के लिए ले जा रहा था। सद्दाम ने यह भी कहा कि वह पिछले 10 साल से इसी तरह बच्चों को ले जा रहा है। बाल सुरक्षा अधिकारी मनीष तिवारी के अनुसार, विभाग को इन बच्चों से महाराष्ट्र में मजदूरी या अन्य गैर-कानूनी काम कराए जाने की गुप्त सूचना मिली थी। बच्चों के पास यात्रा से संबंधित वैध दस्तावेज और पुख्ता टिकट नहीं मिले, जिससे मामला संदिग्ध हो गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है, बच्चों के परिजनों से भी संपर्क किया जा रहा है।



## भाजपा की गलत नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं

**ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने किया बड़वारा क्षेत्र का दौरा**

**नवभारत, कटनी।** ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने रविवार को जिले की बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन मजबूत करने का आह्वान किया। वहीं जिलाध्यक्ष के दौरे के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम कछारी, परसेल और बड़वारा पहुंचे थे। जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर ग्राम स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की बात कही। साथ ही आम जनता के हर मुद्दों को उठाते हुए सरकार की जन विरोधी नीतियों की जानकारी ग्रामीणों को दें। उन्होने कहा कि आम जनता इन दिनों भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान हैं महंगाई चरम पर है, युवा रोजगार की तालाश में दर-दर भटकने को मजबूर हो रहे हैं। किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही है जिससे किसान सहित हर वर्ग भाजपा की जनविरोधी नीतियों दुखी हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि आम जनता कांग्रेस की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। आम जनता के हर मुद्दों को उठाते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को सड़क पर उतरने का समय आ गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष के दौरे के दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विकास निगम, आदिवासी जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह सहित काफी संख्या में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### एक नजर में

## अवैध निर्माण पर व्यापारी पर 60 लाख रूपए का जुर्माना

**नवभारत, कटनी।** शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ नगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर बरगवां क्षेत्र में नियमों के विरुद्ध निर्मित एक भवन पर लगभग 60 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जानकारी के अनुसार संबंधित भवन निर्माण नगर निगम की निर्धारित अनुमति एवं भवन निर्माण नियमों की अनदेखी कर किया गया था। जांच के बाद इसे अवैध निर्माण की श्रेणी में पाते हुए निगम प्रशासन ने यह कार्रवाई की। नगर निगम की इस कार्रवाई को प्रशासन का सख्त संदेश माना जा रहा है। आम नागरिक जहां भवन निर्माण नियमों का पालन करते हैं, वहीं कुछ प्रभावशाली लोग रसूख के दम पर नियमों की अनदेखी करते रहे हैं। निगम की कार्रवाई ने स्पष्ट कर दिया है कि कानून सभी के लिए समान है। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने बताया कि शहर में अवैध निर्माण के कई अन्य मामलों को चिन्हित किया गया है। आने वाले समय में ऐसे निर्माणों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम की इस कार्रवाई के बाद शहर में अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

## सड़कों से हटाए गए आवारा मवेशी, भेजा कांजी हाउस

**नवभारत, कटनी।** शहर में सुगम और सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा आवारा और घुमंतू मवेशियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि हांका टीम द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों जिला अस्पताल मार्ग स्थित स्टेट बैंक तिराहा, महारानी लक्ष्मी बाई तिराहा, फायर ब्रिगेड कार्यकाल मार्ग सहित वार्ड क्रमांक 14 स्थित रबर फैक्ट्री रोड, अन्य मार्गों सहित भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 20 मवेशियों को पकड़ा है। सभी मवेशियों को काऊ कैचर वाहन के माध्यम से कांजी हाउस भेजा गया है। जहां उनके रख-रखाव और आवश्यक देखभाल की व्यवस्था की गई है। सड़कों से आवारा मवेशियों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

## विधायक पाठक ने की केन्द्रीय गृह मंत्री से मुलाकात

**दिल्ली स्थिति निवास जाकर की सौजन्य भेंट**

**नवभारत, कटनी।** नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नई दिल्ली स्थित निवास पर विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान विधायक संजय पाठक ने केंद्रीय गृह मंत्री से आत्मीय मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। भेंट के दौरान विधायक संजय पाठक ने विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास कार्यों, आधारभूत संरचना योजनाओं और जनकल्याणकारी प्रयासों की विस्तृत जानकारी केंद्रीय गृह मंत्री को दी। उन्होंने क्षेत्र में लगातार प्रयासों से जनता



के लिए सड़क, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों से भी अवगत कराया।

## युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष का जगह-जगह किया गया स्वागत

**कोतवाली तिराहे के पास फूल-मालाओं से किया अभिनंदन**

**नवभारत, कटनी।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर मृदुल मिश्रा का कोतवाली थाना के पास युवा व्यवसायी और समाजसेवी शुभप्रकाश मिश्रा, कुशल प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष मृदुल मिश्रा का फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए गरिमामय अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया और सभी ने संगठन के प्रति अपनी एकजुटता एवं समर्थन व्यक्त किया। इस




दौरान मृदुल मिश्रा को बधाई देते हुए उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी गईं और पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा और काफी संख्या में कार्यकर्ता की उपस्थिति रहे। इससे पहले स्टेशन चौराहे से स्वागत रैली निकाल गई। स्वागत रैली का स्टेशन चौराहे में भी स्वागत किया गया। जिले के युवा को प्रदेश स्तर का पद मिलने से कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है। इससे पहले मृदुल मिश्रा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष थे, अब उन्हें प्रदेश स्तर पर युवा मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है।

## रेडीमेड कपड़ा गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों के नुकसान की आशंका

**माधवनगर के मुख्य बाजार क्षेत्र स्थित गोदाम में लगी आग**

**नवभारत, कटनी।** माधव नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार स्थित एक रेडीमेड कपड़ा गोदाम में शनिवार देर रात भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें इतनी तेज थी, कि देखते ही देखते पूरा क्षेत्र धुएं से भर गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। गनीमत रही



कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार माधव नगर मुख्य बाजार में नारायण बेकरी के पीछे स्थित पोशाक गारमेंट के कपड़ा गोदाम में अचानक आग भड़क उठी। गोदाम में काफी मात्रा में रेडीमेड कपड़े और ज्वलनशील सामग्री रखी होने से आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। स्थानीय लोगों ने तत्काल कैरिन लाइन निवासी गोदाम संचालक राममोहन लाल मेहानी और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग के तीन वाहन मौके पर पहुंचे।

दमकल कर्मियों ने सूझबूझ दिखाते हुए आग पर नियंत्रण पाया। आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो मुख्य बाजार का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आ सकता था। आगजनी में गोदाम में रखा लाखों रुपए का रेडीमेड कपड़ा स्टॉक जलकर खाक हो गय है। गोदाम संचालक के अनुसार वास्तविक नुकसान का आकलन स्टॉक मिलान के बाद ही किया जा सकेगा।

## मालगाड़ी के इंजन में चढ़े युवक की करंट लगने से मौत

**कटनी-बीना रेलखंड में रीठी रेलवे स्टेशन में हुई घटना**

**नवभारत, रीठी।** कटनी-बीना रेलखंड के रीठी रेलवे स्टेशन पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक अज्ञात युवक खड़ी मालगाड़ी के इंजन पर चढ़ गया और हाई टेंशन बिजली की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही युवक इंजन के ऊपर पहुंचा, वह ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज लाइन के संपर्क में आ गया। अचानक तेज धमाके जैसी




आवाज गूंजी, जिससे स्टेशन पर मौजूद यात्रियों में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात रेलवे कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। हादसा इतना भयावह था कि युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। फिलहाल, मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। जीआरपी ने ममामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे है।

## अखंड रामायण पाठ का समापन, भंडारे का आयोजन

**सिलौंड़ी के छोटे हनुमान मंदिर में किया गया आयोजन**

**नवभारत, उमरियापान।** जिले के सिलौंडी स्थित श्री छोटे हनुमान मंदिर में 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में ग्रामवासियों के साथ-साथ महिला मंडल चांदनी चौक सिलौंडी का विशेष सहयोग रहा। अखंड रामचरितमानस पाठ के समापन अवसर पर विधिवत हवन-पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पंडित संयोग शास्त्री और गोपी मिश्रा द्वारा वैदिक



मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान गांव के वरिष्ठजन, महिलाएं और युवा काफी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से सहभागिता निभाई। समापन के बाद आयोजित भंडारे में काफी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## पुणे में मिली उमरियापान क्षेत्र से अपहृत नाबालिग, परिजनों को सौंपा

**पुलिस टीम ने पुणे से वापस लाई नाबालिग युंवती**

**नवभारत, उमरियापान।** जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत उमरियापान पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने सक्रियता से अपहृत नाबालिग बालिका को महाराष्ट्र के पुणे शहर से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया हैं। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में जिलेभर में गुमशुदा और अपहृत बच्चों की तलाश के लिए विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के



अंतर्गत अपराध बीएनएस के तहत दर्ज मामले में उमरियापान पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बालिका का पता लगाया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया और स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी महेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुणे में दबिश दी और बालिका को सुरक्षित बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। अपनी बेटी को सकुशल वापस पाकर परिजनों के चेहरे पर खुशी लौट आई और उन्होंने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। इस पूरी कार्रवाई में एसआई गया प्रसाद मंगोरे, प्रधान आरक्षक आशीष झारिया, आरक्षक सतेंद्र चौरसिया, शुभम गौतम की भूमिका रही। ऑपरेशन मुस्कान के तहत उमरियापान पुलिस की यह सफलता न सिर्फ उनकी सक्रियता का प्रमाण है, बल्कि गुमशुदा बच्चों को सुरक्षित घर पहुंचाने की दिशा में एक सराहनीय पहल भी है।

**राहगीरी डे** | स्वच्छता जागरूकता और तनाव मुक्त जीवन के लिए नगर निगम की पहल, किया राहगीरी डे का आयोजन

## तनाव मुक्त जीवन शैली अपनाकर बेहतर बनाए सेहत, स्वच्छता की शपथ, सुंदर बनेगा शहर

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम द्वारा नवाचार की पहल करते हुए रविवार को जागृति पार्क में राहगीरी डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खुले मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राहगीरी डे के दौरान सांप-सीढ़ी, बोरा दौड़, पिट्ठू, रस्साकशी, कैरम, शतरंज, म्यूजिकल चेयर, योग और जुंबा का आयोजन किया गया। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार भी सभी गतिविधियों में शामिल हुईं और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित रस्साकशी प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। महिला वर्ग और पुरुष वर्ग के



बीच हुए मुकाबले में महिलाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। आयोजन के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर नागरिकों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर निगमायुक्त तपस्या परिहार ने सभी उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। राहगीरी डे में जुंबा कार्यक्रम ने विशेष आकर्षण का रूप लिया। नेहा मोटवानी और उनकी टीम के संगीत पर महिलाएं, बच्चे और अन्य नागरिक थिरकते नजर आए। स्वयं निगमायुक्त ने भी इसमें भाग लेकर कार्यक्रम की ऊर्जा को और बढ़ाया। वही आयोजित योगा कार्यक्रम में भी नागरिकों ने सहभागिता कर स्वास्थ्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को स्वच्छता चैंपियन सैश पहनाकर और तुलसी के पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। बच्चों को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया, वहीं स्वच्छता मित्रों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। निगमायुक्त तपस्या परिहार ने कहा कि राहगीरी डे का उद्देश्य नागरिकों को तनाव मुक्त जीवन शैली की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन और बेहतर रूप में किए जाएंगे, ताकि नागरिकों को स्वस्थ, सक्रिय और सकारात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जा सके। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रभावी मंच भी सिद्ध हुआ।

कार्यक्रम में निगमायुक्त तपस्या परिहार, मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष शिब्बू साहू, गोविंद चावला, मौसूफ अहमद बिट्टू, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर नीलम जगवानी, निशा तिवारी एवं जागृति पार्क के सचिव निरंजन पंजवानी सहित काफी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी और आम नागरिक उपस्थित रहे।

